# कार्यालय–निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा / माध्य / साप्र / बी–3 / कनि.सहा.भर्ती / 2018 / परिवेदना दिनांक – 18/08/2023

जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय)माध्यमिक,
समस्त

विषय – कनिष्ठ सहायक भर्ती 2018 में परिवेदना पश्चात् मंडल परिवर्तन कनिष्ठ सहायक की वरिष्ठता निर्धारण हेतु।

उपरोक्त विषयान्तर्गत कनिष्ठ सहायक संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2018 में चयनित आशार्थियों को जरिये काउंसलिंग नियुक्ति हेतु जिले आवंटन किये गये थे, तत्पश्चात् चयनित नव नियुक्त कनिष्ठ सहायकों की मांग पर विभाग द्वारा जिला / मण्डल परिवर्तन हेतु परिवेदनाऐं मांगी गई। प्राप्त परिवेदनाओं का विभाग स्तर पर नव नियुक्त कनिष्ठ सहायकों के गुणावगण के आधार पर परिवेदनाओं का निस्तारण कर जिला / मण्डल परिवर्तन किया गया।

चूंकि नव नियुक्त कनिष्ठ सहायकों की परिवेदना(प्रार्थना पत्र) के आधार पर जिला / मण्डल परिवर्तन किया गया है, लिहाजा जिन नव नियुक्त कनिष्ठ सहायकों का मण्डल परिवर्तन हुआ है उन प्रकरणों में राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय लिपिक वर्गीय सेवा नियम 1999 के नियम 3 उप नियम(1) के प्रावधान लागू होते हैं।

अतः निर्देशित किया जाता है कनिष्ठ सहायक संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2018 में चयनित कनिष्ठ सहायक जिनकी नियुक्ति उपरान्त कार्यग्रहण पश्चात् उनकी स्वयं की परिवेदना पर मण्डल परिवर्तन किया गया है उनकी वरिष्ठता परिवर्तित मण्डल में कार्यग्रहण तिथि से निर्धारित की जावे।

(रिछपाल सिंह)
उप निदेशक(प्रशासन)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि –सिस्टम ऐनालिसिस्ट, कम्प्युटर अनुभाग कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत।

उप निदेशक(प्रशासन)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

Signature valid
Digitally signed by Richhpal Singh
Designation : Deputy Director
Date: 2023.08.18 12:24:37 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4543550

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते